Roll No. …………………..

BC–01

Financial Accounting

(वित्तीय लेखांकन)

Bachelor of Commerce (B. Com–10/16)

First Year, Examination, 2017

Time : 3 Hours **Max. Marks : 70**

Note : This paper is of **seventy (70)** marks containing **three (03)** sections A, B and C. Learners are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

नोट : यह प्रश्न पत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

Section–A / खण्ड–क

(Long Answer Type Questions) / (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

Note : Section 'A' contains four (04) long answer type questions of fifteen (15) marks each. Learners are required to answer *two* (02) questions only.

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. What are the objectives of financial accounting ? Also explain the parties that are interested in financial statements.

   वित्तीय लेखांकन के उद्देश्य क्या हैं ? वित्तीय विवरणों में अभिरुचि रखने वाले पक्षों की भी व्याख्या कीजिये।

2. What do you mean by Hire Purchase Trading Account ? Why is it prepared ? Give its pro forma.

   किराया-क्रय व्यापार खाता से आप क्या समझते हैं ? यह क्यों बनाया जाता है ? इस खाते का प्रारूप बनाइये।

3. Describe the method of charging goods sent to branch by the Head Office at :

   (i) Cost Price

   (ii) Fixed Percentage over cost

   (iii) Retail selling price

   प्रधान कार्यालय द्वारा शाखाओं को भेजे जाने वाले माल की कीमत ज्ञात करने की पद्धतियों का वर्णन कीजिये जब माल निम्नलिखित पर भेजा गया हो :

   (i) लागत मूल्य पर

   (ii) लागत पर निश्चित प्रतिशत पर

   (iii) फुटकर विक्रय मूल्य पर

4. The following is the trial balance of Mr. K as on 31st March, 2015 :

Particulars	**Dr. Amount** (₹)	**Cr. Amount** (₹)
Capital A/c	—	8,00,000
Drawings	60,000	—
Opening stock (1-04-2015)	75,000	—
Purchases	15,95,000	—
Freight on purchases	25,000	—
Wages (11 months upto 28-02-2015)	66,000	—
Sales		23,10,000
Salaries	1,40,000	—
Postage, Telegrams and Telephones	12,000	—
Printing and Stationery	18,000	—
Miscellaneous Expenses	30,000	—
Creditors	—	3,00,000
Investments	1,00,000	—
Discount received	—	15,000
Debtors	2,25,000	—
Bad debts	15,000	—
Provision for bad debts		8,000
Building	3,00,000	—

Machinery	5,00,000	—
Furniture	40,000	—
Commission on sales	45,000	—
Interest on investments		12,000
Insurance (year upto 31-7-2015)	24,000	—
Bank Balance	1,50,000	
	34,45,000	34,45,000

Prepare Trading and Profit & Loss Account for the year ending 31 March, 2015 and the balance sheet as on that date after taking into considerations the following informations :

(i) Closing stock ₹ 2,25,000

(ii) Machinery worth ₹ 45,000 purchased on 1-10-2014 was shown as purchases. Freight paid on the machinary was ₹ 5,000 which is included in freight on purchases.

(iii) Commission is payable at 2% on sales.

(iv) Investments were sold at 10% profit, but the entries sales proceeds have been taken as sales.

(v) Write off bad debts ₹ 10,000 and create a provision for doubtful debts at 5% on debtors.

(vi) Depreciate building by 2.5% p.a. and machinery and furniture at 10% p.a.

31 मार्च, 2015 को श्री के का तलपट निम्नानुसार है :

विवरण	डेबिट (₹)	क्रेडिट (₹)
पूँजी खाता	—	8,00,000
आहरण	60,000	—
प्रारंभिक स्कन्ध (1-04-2015)	75,000	—
क्रय	15,95,000	—
क्रय पर भाड़ा	25,000	—
मजदूरी (11 महीने 28-02-2015 तक)	66,000	—
विक्रय		23,10,000
वेतन	1,40,000	—
डाक, टेलीग्राफ और टेलीफोन	12,000	—
मुद्रण तथा लेखन सामग्री	18,000	—
विविध व्यय	30,000	—
लेनदार	—	3,00,000
विनियोग	1,00,000	—
प्राप्त छूट	—	15,000
देनदार	2,25,000	—
अशोध्य ऋण	15,000	—
अशोध्य ऋण पर प्रावधान		8,000

भवन	3,00,000	—
मशीनरी	5,00,000	—
फर्नीचर	40,000	—
विक्रय पर कमीशन	45,000	—
निवेश पर ब्याज		12,000
बीमा (31-07-2015) वर्ष तक	24,000	—
बैंक में रोकड़	1,50,000	
	34,45,000	34,45,000

निम्नलिखित सूचनाओं का संज्ञान लेते हुए 31 मार्च, 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिये व्यापार एवं लाभ-हानि खाता बनाइये तथा उक्त तिथि को तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) भी बनाइये :

(i) अन्तिम स्कन्ध ₹ 2,25,000 था।

(ii) 1-10-2014 को ₹ 45,000 मूल्य की मशीनरी क्रय की तथा क्रय खाते में सम्मिलित कर ली गयी। मशीनरी पर ₹ 5,000 का भाड़ा दिया गया, जो कि क्रय के भाड़े में सम्मिलित कर लिया गया।

(iii) विक्रय पर 2% कमीशन दिया गया।

(iv) विनियोग 10% लाभ पर विक्रय किये गये लेकिन विक्रय की सम्पूर्ण राशि विक्रय मानकर सम्मिलित कर ली गयी।

(v) ₹ 10,000 के अशोध्य ऋण अपलिखित करने हैं तथा देनदारों के लिये संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान 5% तक सृजित करना है।

(vi) भवन पर 2.5% वार्षिक दर पर, मशीनरी तथा फर्नीचर पर 10% वार्षिक दर पर मूल्यह्रास लगाइये।

Section–B / खण्ड–ख

(Short Answer Type Questions) / (लघु उत्तरीय प्रश्न)

Note : Section 'B' contains eight (08) short answer type questions of five (05) marks each. Learners are required to answer *six* (06) questions only. Answer of these questions must be restricted to two hundred fifty (250) words approximately.

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दो सौ पचास (250) शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

Briefly discuss any six (06) of the following :

निम्नलिखित में से किन्हीं छः (06) परसंक्षेप में चर्चा कीजिए :

1. Characteristics of double entry system.
   दोहरा लेखा प्रणाली की विशेषताएँ।
2. Trial balance is not a conclusive proof of accuracy.
   तलपट खातों की शुद्धता का निश्चित प्रमाण नहीं है।
3. Rules regarding posting of transactions into the ledger.
   खाता-बही में लेनदेनों को प्रविष्ट करने के नियम।
4. Methods of recording joint venture transactions.
   संयुक्त साहस सम्बन्धी लेखाकरण विधियाँ।
5. Difference between self-balancing and sectional balancing ledgers.
   खाता-बहियों के स्वकीय सन्तुलन तथा वर्गीय सन्तुलन में अन्तर।

6. Differentiate between the following :

   (i) General reserve and reserve fund

   (ii) Provision and specific reserve

   निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिये :

   (i) सामान्य संचय तथा संचय कोष

   (ii) आयोजन तथा विशिष्ट संचय

7. On 1st April, 2016 Chaman Lal and Sons purchased a machine of ₹ 50,000 and spent ₹ 5,000 on its erection, It is decided to depreciate it at 10% per annum on (i) fixed installment methods and (ii) diminishing balance method. Write Machinery account for five years under both the methods.

   1 अप्रैल, 2016 को चमन लाल एंड संस ने ₹ 50,000 की एक मशीन खरीदी और इसकी स्थापना पर ₹ 5,000 का व्यय किया गया। यह तय किया गया कि (i) स्थाई किस्त विधि से तथा (ii) घटते हुए शेष की पद्धति से 10% वार्षिक दर से इस पर मूल्य ह्रास अपलिखित किया जाये। दोनों विधियों से 5 वर्षों के लिये मशीनरी खाता बनाइये।

8. Suresh prucahsed three motorcycles on 1st January, 2016 the cash price being ₹ 56,000. The pruchase is on the installment system, ₹ 15,000 being paid on the signing of the contract and thereafter ₹ 15,000 being paid annually for 3 years. Interest was charged at 5% p.a. Depreciation was charged @ 20% per annum on the reducing installment system. Give journal entires in the books of Suresh for three years.

सुरेश ने 1 जनवरी, 2016 को तीन मोटरसाइकिलें खरीदीं जिनका नकद मूल्य ₹ 56,000 था। क्रय किश्त प्रणाली पर हुआ। अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय ₹ 15,000 चुकाया गया तथा इसके बाद तीन वर्षों तक ₹ 15,000 वार्षिक चुकाए जाने हैं। ब्याज 5% प्रति वर्ष की दर से लगाया गया। 20% प्रति वर्ष की दर से क्रमागत ह्रास काटा गया। सुरेश की पुस्तकों में सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टियाँ तीन वर्षों के लिये प्रविष्ट कीजिये।

Section–C / खण्ड–ग

(Objective Type Questions) / (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

Note : Section 'C' contains ten (10) objective type questions of one (01) mark each. All the questions of this section are compulsory.

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

Write True/False against the following :

निम्नलिखित के सामने सत्य/असत्य लिखिये :

1. The entry which is recorded in both the sides of the cash book is known as Complementary Entry.
   वह प्रविष्टि जो रोकड़ बही के दोनों पक्षों में रिकॉर्ड की जाती है, अनुपूरक प्रविष्टि कहलाती है।
2. Journal is treated as a subsidiary book.
   जर्नल को एक सहायक पुस्तक माना जाता है।
3. Bank account is a real account.

बैंक खाता एक वास्तविक खाता है।

4. From accounting point of view there is no difference between the hire-purchase system and the installment system.

   लेखांकन की दृष्टि से, किराया-क्रय पद्धति तथा किशत प्रणाली में कोई अन्तर नहीं होता है।

5. Branch Stock Account is always prepared at invoice price.

   शाखा स्कन्ध खाता सदैव बीजक मूल्य पर बनाया जाता है।

Indicate the correct answer option :

उत्तर के लिये सही विकल्प का चुनाव कीजिये :

6. What is Goodwill ?

   (a) An intangible asset

   (b) A fictitious asset

   (c) A current asset

   (d) A liquid asset

   ख्याति निम्नलिखित में से क्या है ?

   (अ) अमूर्त सम्पत्ति

   (ब) काल्पनिक परिसम्पत्ति/नाम-मात्र की सम्पत्ति

   (स) तरल/चालू सम्पत्ति

   (द) अति तरल सम्पत्ति

7. In case of installement system, total interest receivable byt he saller is credited to :

   (a) Interest Suspense account

   (b) Interest account

   (c) Sales account

   (d) Vendor's account

किस्त प्रणाली की स्थिति में, विक्रेता द्वारा प्राप्य कुल ब्याज को निम्नलिखित में से किस खाते में क्रेडिट किया जाता है ?

(अ) ब्याज उचन्त खाते में

(ब) ब्याज खाते में

(स) विक्रय खाते में

(द) किराया-विक्रेता खाते में

8. Sales of goods of Rakesh for cash should be debited to which of the following account ?

(a) Rakesh account

(b) Cash account

(c) Sales account

(d) Goods account

राकेश को नकद माल बेचा निम्नलिखित में से किस खाते को डेबिट करेंगे ?

(अ) राकेश का खाता

(ब) रोकड़ खाता

(स) विक्रय खाता

(द) माल खाता

9. Expenses related to sales of goods are shown in which of the following account ?

(a) Manufacturing account

(b) Trading account

(c) Profit & Loss account

(d) Balance Sheet

माल के विक्रय से सम्बन्धित व्यय निम्नलिखित में से किस खाते में दिखाये जाते हैं ?

(अ) विनिर्माण खाता

(ब) व्यापार खाता

(स) लाभ-हानि खाता

(द) तुलन-पत्र (बैलेंस शीट)

10. When goods are invoiced to branch at selling price then the value of goods is adjusted by which of the following answer options ?

(a) Debtining Goods Sent to Branch A/c

(b) Crediting Goods Sent to Branch A/c

(c) Crediting Stock Reserve Account

(d) Debiting Debtors Account

जब शाखा को माल विक्रय मूल्य पर प्रेषित किया जाता है तो माल के मूल्य को निम्नलिखित में से किस उत्तर विकल्प द्वारा समायोजित किया जाता है ?

(अ) शाखा को माल प्रेषित खाते को डेबिट करके

(ब) शाखा को माल प्रेषित खाते को क्रेडिट करके

(स) स्कन्ध संचय खाते को क्रेडिट करके

(द) देनदार खाते को डेबिट करके